# गोढ़ाई आजीविका महिला संकुल स्वावलम्बी सहकारी समिति लिमिटेड

निबंधन संख्या: JKD-02-01-02-WO-28-2023

कार्यालय पता: ग्राम-सिन्दुआरी, पो0- हफुआ, थाना+जिला-चतरा (झारखण्ड) 825401

**Supported by:- DAY - NRLM, Jharkhand State Livelihood Promotion Society, (JSLPS)**


पत्रांक : JSLPS/Godhai CLF/2025-26/19 दिनांक : 29/07/25

**खरीदारी पद्धति के अंतर्गतसिमित निविदा आमंत्रण**

सील बंद निविदाएँ उन आपूर्तिकर्ताओं, डीलरों और अधिकृत फर्मों से आमंत्रित की जाती हैं, जिनके पास वैध जीएसटी पंजीकरण प्रमाणपत्र है, ताकि क्लस्टर लेवल फेडरेशन (CLF) के तहत एक कृषि प्रसंस्करण उद्यम स्थापित करने के लिए कृषि प्रसंस्करण मशीनरी की आपूर्ति की जा सके।

आवश्यक मशीनों की विस्तृत शर्तें, विनिर्देश और विवरण इस पत्र के साथ संलग्न हैं, जिनका संदर्भ लिया जा सकता है।

इच्छुक फर्म अपनी निविदा "कृषि प्रसंस्करण मशीनरी के लिए निविदा" के रूप में अंकित कर हस्ताक्षरकर्ता के पास तारीख 07/08/25 को 12:30 बजे तक प्रस्तुत कर सकती हैं।

**अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता**

गोढ़ाई आजीविका महिला संकुल स्वावलंबी सहकारी समिति लिमिटेड

**प्रतिलिपि: सूचना पट्ट/वेबसाइट पर प्रदर्शन हेतु**


**<u>बोली प्रस्तुत करने का पता</u> :** Godhai Ajeevika Mahila Sankul Swawlambi Sahkari Samiti limited,
Village- Sinduaari, PO- Haphua, Police Station & District – Chatra, Pin Code- 825401
Email- godhaiclf.jslps@gmail.com
Mobile no. - 9241630665/**9693959818**


विनीता देवी कौशल्या देवी किरण देवी

अध्यक्ष सचिव कोषाध्यक्ष

गोढ़ाई आजीविका महिला संकुल स्वावलम्बी सहकारी समिति लि

**नियम और शर्तें**

पत्रांक : .......... दिनांक : ..........

1. निविदा उन सभी वस्तुओं के लिए होगी, जो आवश्यकताओं की अनुसूची (Annexure-I) में वर्णित, हैं। मूल्य बोली (Annexure-II) निर्दिष्ट प्रारूप में प्रस्तुत की जानी चाहिए। यदि कोई संशोधन किया जाता है, तो उसे काटकर, हस्ताक्षर करके, दिनांकित करके और पुनः लिखा जाना चाहिए।
2. बोलीदाता को मशीनों के **संचालन और रखरखाव हेतु 7 दिनों का अनिवार्य भौतिक प्रदर्शन एवं प्रशिक्षण निःशुल्क रूप से प्रदान करना होगा।** यह इंस्टॉलेशन और प्रशिक्षण आपूर्ति के 7-10 दिनों के भीतर पूर्ण किया जाना आवश्यक होगा।
3. **मशीनों में प्रयुक्त मोटर किसी विश्वसनीय एवं उच्च गुणवत्ता वाली मान्यता प्राप्त कंपनी की होनी चाहिए, जिसकी दक्षता, ऊर्जा खपत (Energy Efficiency Rating), संचालन क्षमता (Operational Performance) तथा स्थायित्व (Durability) जैसे मापदंडों पर अच्छी रेटिंग हो। मोटर BIS/ISI या समकक्ष मानकों पर प्रमाणित होनी चाहिए।**
4. **मशीन का निर्माण 16-18 गेज की शीट मेटल से किया जाना चाहिए।**
5. आपूर्तिकर्ता को मशीनों की वारंटी अवधि कम से कम 1 वर्षदेनी होगी, तथा वारंटी के अंतर्गत प्रदान की जाने वाली सेवाओं और शर्तों का स्पष्ट विवरण प्रस्तुत करना होगा।
6. आपूर्तिकर्ता को मशीनों के **प्रतिस्थापनीय (रिप्लेसेबल) भागों की सूची**, उनकी उपलब्धता, तथा मरम्मत/रिपेयर लागत का विस्तृत विवरण प्रदान करना होगा।
7. जीएसटी को मूल्य पत्र में स्पष्ट रूप से प्रतिशत के रूप में अलग से उल्लेख किया जाना चाहिए।
8. प्रत्येक बोलीदाता केवल एक ही बोली प्रस्तुत कर सकता है; वैकल्पिक या कोई भी शर्तीय प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जाएगा।
9. बोली में उद्धृत दरें अनुबंध की अवधि के लिए स्थिर रहेंगी और किसी भी प्रकार के समायोजन के अधीन नहीं होंगी।
10. मूल्य केवल भारतीय रुपये (INR) में उद्धृत किए जाने चाहिए।
11. आपूर्तिकर्ता को मशीनों की बिक्री हेतु वैध प्राधिकरण प्राप्त होना चाहिए और वारंटी विवरण प्रदान करना होगा।
12. मूल्यांकन संपूर्ण पैकेज के आधार पर किया जाएगा, और न्यूनतम मूल्यांकित उत्तरदायी पैकेज मूल्य को ध्यान में रखा जाएगा।
13. निविदाएँ बोली खोलने की तारीख से कम से कम 30 दिनों के लिए मान्य रहनी चाहिए।
14. खरीद आदेश प्राप्त करने के 15 दिनों के भीतर आपूर्ति पूरी करनी होगी।
15. यदि आपूर्तिकर्ता द्वारा वस्तुओं की आपूर्ति में विलंब किया जाता है, तो 0.5% प्रति सप्ताह (अधिकतम 10%) का दंड भुगतान से काटा जाएगा।
16. डिलीवरी एवं **स्थापना (Installation)** के पश्चात् 15 दिनों के भीतर 90% राशि का भुगतान किया जायेगा एवं शेष 10% राशि का भुगतान 3 महीने के बाद किया जायेगा।

विनीता देवी कौशल्या देवी किरण देवी

अध्यक्ष सचिव कोषाध्यक्ष

गोढ़ाई आजीविका महिला संकुल स्वावलम्बी सहकारी समिति लि

ग्राम सिन्दुआरी पो. संकुल गोढ़ाई प्र० जिला चतरा

पत्रांक : ........................ दिनांक : ........................

**पात्रता मानदंड:**

a) **GST** पंजीकरण, **MSME** प्रमाणपत्र एवं अनुभव से संबंधित दस्तावेज संलग्न करना अनिवार्य है।

b) **तकनीकी निविदाओं (Technical Bid) का मूल्यांकन (Evaluation) पहले किया जाएगा** और केवल तकनीकी रूप से योग्य बोलीदाताओं की वित्तीय निविदाएँ खोली जाएँगी।

c) दरों को Annexure-II के अनुसार पूर्ण मात्रा में उद्धृत करना आवश्यक।

d) निविदा को सही तरीके से हस्ताक्षरित और मुद्रांकित किया जाना चाहिए।

e) शर्तों, नियमों और मशीनरी के विनिर्देशों का अनुपालन।

f) प्रत्येक वस्तु के लिए एक ही मूल्य उद्धृत किया जाना चाहिए; वैकल्पिक प्रस्ताव स्वीकार नहीं होंगे।

g) तकनीकी निविदा(**Technical Bid**)एवं वित्तीय निविदा(**Financial Bid**) अलग-अलग लिफाफों में होनी चाहिए।

h) **क्रय आदेश जारी करना : मशीनों की दरों एवं गुणवत्ता का सम्यक् मूल्यांकन करने के पश्चात ही अंतिम क्रय आदेश जारी किया जाएगा। गुणवत्ता सुनिश्चित करने हेतु विक्रेता से मशीन की फोटो, तकनीकी विवरण एवं आवश्यक प्रमाण-पत्र मंगवाए जाएंगे। आवश्यकता पड़ने पर साइट का भ्रमण भी किया जाएगा। सभी पहलुओं – जैसे तकनीकी क्षमता, गुणवत्ता, मूल्य, एवं पूर्व अनुभव – से संतुष्ट होने के उपरांत ही उपयुक्त बोलिदाता का चयन किया जाएगा। अंततः अंतिम निर्णय क्लस्टर लेवल फेडरेशन (CLF) द्वारा लेकर क्रय आदेश निर्गत किया जाएगा।**

i) भुगतान आपूर्ति और स्वीकृति के बाद, उचित चालान प्रस्तुत करने पर किया जाएगा।

j) यदि कोई बोलीदाता मूल्यांकन प्रक्रिया या खरीद आदेश को प्रभावित करने का प्रयास करता है, तो उसकी बोली अस्वीकार कर दी जाएगी।

k) निविदा अंतिम तिथि को 13:00 बजे CLF कार्यालय के सम्मेलन कक्ष में खोली जाएगी।

l) यदि उपरोक्त शर्तों में से कोई भी पूरी नहीं होती है तो बोली अस्वीकार कर दी जाएगी।

m) उपर्युक्त शर्तों के बावजूद, खरीदार किसी भी निविदा को स्वीकार या अस्वीकार करने और निविदा प्रक्रिया को रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

विनीता देवी कौशल्या देवी किरण देवी

अध्यक्ष सचिव कोषाध्यक्ष

गोढ़ाई आजीविका महिला संकुल स्वावलम्बी सहकारी समिति लि

ग्राम सिन्दुआरी प्र. संकुल गोढ़ाई प्र. जिला चतरा झारखण्ड

# गोढ़ाई आजीविका महिला संकुल स्वावलम्बी सहकारी समिति लिमिटेड

निबंधन संख्या: JKD-02-01-02-WO-28-2023

कार्यालय पता: ग्राम-सिन्दुआरी, पो0- हफुआ, थाना+जिला-चतरा (झारखण्ड) 825401

Supported by:- DAY - NRLM, Jharkhand State Livelihood Promotion Society, (JSLPS)


पत्रांक : ......................                                                     दिनांक : ......................

**(Annexure-I)**

**आवश्यक मशीनों की अनुसूची**

| क्र.सं. | मशीन का नाम | संक्षिप्त विशिष्टता | मात्रा |
|---|---|---|---|
| 1 | दल मिल | 3 HP मिनी दल मिल - 3 फेज (MDM NX 200), क्षमता: 100–120 किग्रा/घंटा, 3 HP मिनी दल मिल - 3 फेज (MDM NX 200), क्षमता: 100–120 किग्रा/घंटा, सभी प्रकार के दालों की ग्रेडिंग, सॉर्टिंग एवं प्रोसेसिंग हेतु उपयुक्त।<br><br>**(इंटीग्रेटेड मशीन जिसमे ग्रेडिंग और प्रोसेसिंग भी हो जाये)** | 1 |
| 2 | स्टील पल्वराइज़र | 10 HP माइल्ड/SS स्टील पल्वराइज़र - 3 फेज बिना साइक्लोन (आटा/बेसन के लिए) - क्षमता: 100-150 किग्रा/घंटा | 1 |
| 3 | कोल्ड स्पाइसेस पल्वराइज़र | 3 HP कोल्ड स्पाइसेस पल्वराइज़र, हेवी मोटर सहित - 3 फेज (मानक) - क्षमता: 50 किग्रा/घंटा | 1 |
| 4 | सीलिंग मशीन | वर्टिकल बैंड सीलिंग मशीन स्टैंड के साथ (आयातित) | 1 |
| 5 | बैग क्लोजर सिलाई मशीन | तेल प्रणाली सहित बैग क्लोजर सिलाई मशीन | 1 |

विनीता देवी     कौशल्या देवी     किरण देवी

अध्यक्ष     सचिव     कोषाध्यक्ष

गोढ़ाई आजीविका महिला संकुल स्वावलम्बी सहक. समिति लि

ग्राम सिन्दुआरी [illegible] संकुल गोढ़ाई [illegible] जिला [illegible] झारखण्ड

# गोढ़ाई आजीविका महिला संकुल स्वावलम्बी सहकारी समिति लिमिटेड

निबंधन संख्या: JKD-02-01-02-WO-28-2023
कार्यालय पताः ग्राम-सिन्दुआरी, पो0- हफुआ, थाना+जिला-चतरा (झारखण्ड) 825401
Supported by:- DAY - NRLM, Jharkhand State Livelihood Promotion Society, (JSLPS)

पत्रांक : ........................

**(Annexure-II)**

दिनांक : ........................

**मूल्य बोली प्रारूप**

| क्र.सं. | मशीन विवरण | मात्रा | यूनिट मूल्य (INR) | जीएसटी (%) | कुल मूल्य (INR) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 3 HP मिनी दल मिल | 1 | | | |
| 2 | 10 HP पल्वराइज़र | 1 | | | |
| 3 | 3 HP कोल्ड स्पाइसेस पल्वराइज़र | 1 | | | |
| 4 | वर्टिकल बैंड सीलिंग मशीन | 1 | | | |
| 5 | बैग क्लोजर सिलाई मशीन | 1 | | | |

**नोट:**कुल मूल्य में डिलीवरी और इंस्टॉलेशन शुल्क (यदि लागू हो) शामिल होना चाहिए।

अधिक जानकारी के लिए कृपया संपर्क करें: [संपर्क विवरण]

**हम उपर्युक्त तकनीकी विशिष्टताओं के अनुसार इन वस्तुओं की आपूर्ति करने के लिए सहमत हैं**, कुल अनुबंध मूल्य रु: ____________ (अंकों में) और (शब्दों में)।

हम यह प्रमाणित करते हैं कि हमने यह सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कदम उठाए हैं कि हमारे लिए कार्य करने वाला कोई भी व्यक्ति रिश्वतखोरी में संलिप्त नहीं होगा।

**तिथि:** ________________

**स्थान:** ________________

**हस्ताक्षर:** ____________________

**नाम एवं व्यवसायिक पता:** ________________

(फर्म की मुहर)

बिनीती देवी कोशमी देवी किरण देवी

अध्यक्ष सचिव कोषाध्यक्ष

गोढाइ आजीविका महिला सकुल स्वावलम्बी सहक. समिति लि

ग्राम सिन्दवारी प. सकल गोढाइ प्र. जिला चतरा झारखण्ड